<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–25.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- पहलगाम आतंकी हमले पर प्रधानमंत्री ने कहा– बख्शे नहीं जायेंगे आतंकवादी, राज्य में विरोध प्रदर्शन का सिलसिला जारी, प्रदेश कांग्रेस ने सीमा पार आतंकवाद खत्म करने के लिए निर्णायक कदम उठाने पर दिया जोर।
- रांची में मेगा कन्वेंशन सेंटर विकसित करने के लिए स्पेन से मिला प्रस्ताव, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी सहमति, कहा– राज्य को वैश्विक स्तर पर मिलेगी नयी पहचान।
- जैक ने 11वीं बोर्ड की परीक्षा का जारी किया कार्यक्रम, 20 से 22 मई तक होने वाली परीक्षा में करीब साढ़े तीन लाख विद्यार्थी होंगे शामिल।
- पूरा राज्य लू की चपेट में, मौसम विभाग ने आज भी हीट वेव का जारी किया येलो अलर्ट, कल से स्कूलों के समय में होगा बदलाव।
- छठी राष्ट्रीय सब जूनियर मिक्सड नेटबॉल और राष्ट्रीय रुरल फुटबॉल प्रतियोगिता कल से रांची में, तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 22 राज्यों के खिलाड़ी होंगे शामिल।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत हर आतंकवादी और उसके मददगारों की पहचान करके उनका पता लगाएगा और दंडित करेगा। बिहार के मधुबनी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत, दुनिया के किसी भी कोने से उन्हें ढूंढ निकालेगा। श्री मोदी ने कहा कि आतंकवादियों को कतई नहीं बख्शा जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और पूरा देश इस संकल्प पर अडिग है।

*****************

पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ राज्य में विरोध प्रदर्शन जारी है। इस कड़ी में झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने रांची में कैंडल मार्च निकालकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में शामिल पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सीमा पार आतंकवाद खत्म करने के लिए कूटनीति के साथ निर्णायक कदम उठाने की जरुरत है।

*****************

रांची में मेगा कन्वेंशन और ट्रेड एग्जीबिशन सेंटर विकसित करने के लिए स्पेन ने झारखंड सरकार को प्रस्ताव दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन गये प्रतिनिधिमंडल को फिरा डी बार्सिलोना के अधिकारियों ने इस परियोजना का प्रस्ताव सौंपा। प्रस्तावित कन्वेंशन सेंटर का उदेश्य विश्वस्तरीय व्यापार मेलों, अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों और उन्नत ऑडियो–विजुअल कार्यक्रमों की मेजबानी करना है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इससे राज्य को वैश्विक स्तर पर नयी पहचान मिलेगी।

*****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने एक बार फिर आदिवासी अस्मिता का मुद्दा उठाया है। लोहरदगा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर अब भी नहीं चेतेंगे तो झारखंड की स्थिति भी मुर्शीदाबाद जैसी हो जायेगी।

*****************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा है कि नकली दवाओं के मामले में सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायेगी। वे रांची के नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान सभागार में राज्य औषधि नियंत्रण निदेशालय के कामकाज की समीक्षा कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दवा एक अति आवश्यक और संवेदनशील सामग्री है। इसके गलत या नकली उपयोग से मरीज की जान खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दवाओं की खरीद–बिक्री की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने का निर्देश दिया।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*****************

झारखंड में 11वीं बोर्ड की परीक्षा 20 मई से होगी। 22 मई तक दोनों सिटिंग में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। झारखंड अधिविद परिषद– जैक ने परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। ओएमआर शीट पर होने वाली परीक्षा का आयोजन 789 केंद्रों पर किया जाएगा। इसमें तीनों संकायों साइंस, आट्‌र्स और कॉमर्स के साढ़े तीन लाख से ज्यादा परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए 13 मई से प्रवेश पत्र डाउनलोड हो सकेगा।

*****************

चतरा के सांसद कालीचरण सिंह ने कहा है कि भाजपा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलते हुए विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रयासरत है। वे चतरा जिले में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि भाजपा एक अभियान तहत अंबेडकर के संदेशों को घर–घर पहुंचायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा को भारतीय संविधान पर गर्व है।

*****************

नियमित योग से विभिन्न रोगों मे फायदा तो होता ही है, मानसिक शांति भी मिलती है। रांची में पिछले कुछ वर्षों से लोगों का योग के प्रति रूझान बढ़ा है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*****************

संक्षिप्त खबरें–

- बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए नगर विकास विभाग ने रांची स्मार्ट सिटी की तर्ज पर देवघर में ग्रीनफिल्ड स्मार्ट सिटी बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए 500 एकड़ जमीन चिन्हित की गयी है।
- रांची के तमाड़ में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि दो बाइक की टक्कर होने से यह हादसा हुआ।

*****************

पूरा राज्य लू की चपेट में है। कई जिलों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया है। भीषण गर्मी को देखते हुए कल से स्कूलों के समय में बदलाव करने का निर्णय लिया गया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक केजी से आठवीं तक की कक्षा सुबह सात बजे से दिन के साढ़े ग्यारह बजे तक और नौंवी से 12वीं तक की कक्षा सुबह सात बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेंगी। इधर, मौसम विभाग ने आज भी हीट वेव का येलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि कल से राज्य में मौसम में बदलाव की भी संभावना जतायी गयी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि कल से अगले चार दिनों तक राज्य के अधिकतर इलाकों में बारिश होगी।

*****************

छठी राष्ट्रीय सब जूनियर बालक–बालिका मिक्सड नेटबॉल और राष्ट्रीय रुरल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कल से रांची में होगा। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर में 28 अप्रैल तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में झारखंड समेत देश  के 22 राज्यों के लगभग 600 खिलाड़ी और पदाधिकारी शामिल होंगे।

*****************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है, जिसमें उन्होंने आतंकियों को मिट्टी में मिला देने का ऐलान किया है।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं–संकट की घड़ी में सरकार के साथ आया समूचा विपक्ष

दैनिक भास्कर ने लिखा है– केन्द्र ने लोन के लिए शर्तें लगायीं, झारखंड को 17 हजार करोड़ से ज्यादा मिलना मुश्किल।

प्रभात खबर की सुर्खी है– हाईकोर्ट ने मांगा जवाबः चार महीनों से क्यों नहीं पास हो रहा भवनों का नक्शा।

दैनिक जागरण लिखता है– जूनियर इंजीनियर ने कहा– मंत्री सवा दो तो सचिव लेते थे आधा प्रतिशत का कमीशन।

*****************